# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

( बिहार सरकार का एक उपक्रम )
राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– 800 001

## कार्यालय आदेश

पत्रांक 1/स्था/वि0-102/02-215 /  दिनांक 26.07.19 /

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के संकल्प ज्ञापांक 2690, दिनांक 16.05.18 एवं अधिसूचना ज्ञापांक 3092, दिनांक 15.11.18 के आलोक में बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) में बिहार राज्य जल पर्षद के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का विलयन दिनांक 30.11.2018 के अपराह्न से प्रभावी हो गया है। जून 2019 में बुडको का कार्यालय खाद्य भवन,आर ब्लॉक, पटना–1 से राजापुर पुल स्थित बिहार राज्य जल पर्षद (विघटित) के पुराने कार्यालय में स्थानांतरित हो गया है, जिसके फलस्वरूप एक ही भवन में बुडको मुख्यालय के सभी कर्मीगण कार्यरत हैं। सभी कर्मियों के बीच कार्यालय कार्यों का आवंटन किया जाना आवश्यक है। इस आलोक में बुडको में कार्यरत निम्नांकित कर्मियों के बीच कार्यालय कार्यों का आवंटन निम्न प्रकार किया जाता है:–

| क्रम सं0 | उच्चवर्गीय लिपिक / निम्नवर्गीय लिपिक एवं कार्यालय कार्यपालक एवं अन्य कर्मी का नाम | मूल प्रभार | अतिरिक्त प्रभार | अनुपस्थिति की स्थिति में कार्य करने वाले कर्मी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राम उदित प्रसाद, उच्चवर्गीय लिपिक | जलापूर्ति योजना संबंधी सभी कार्य, राज्य योजनान्तर्गत ड्रेनेज संबंधी सभी कार्य, कार्य से संबंधित विविध बैठक, अंकेक्षण, बिहार सरकार, भारत सरकार, विश्व बैंक से संबंधित जलापूर्ति एवं ड्रेनेज योजना के सभी कार्य, इन कार्यों से संबंधित लोकायुक्त, लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभा, विधान परिषद् के प्रश्नोत्तर संबंधी सभी कार्य एवं वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करना। | | श्री रंजीत कुमार सिंह, उच्चवर्गीय लिपिक |
| 2 | श्री रमेश कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | विधि शाखा के सभी कार्य, न्यायालय से संबंधित सभी कार्य। अधिवक्ताओं की नियुक्ति के पैनल की संचिका संधारण, उनके विपत्र का भुगतान एवं आर0टी0 आई0 से संबंधित सभी कार्य।<br><br>पटना जल निस्सारण संबंधी कार्य (योजना एवं गैर योजना मरम्मति, अनुरक्षण सहित) एवं अन्य योजना के कार्य, विद्युत शवदाह गृह, पशु विद्युत शवदाह गृह, एस0टीपी0 एवं आई एण्ड डी के सभी कार्य, इन कार्यों से संबंधित विविध बैठक, अंकेक्षण का कार्य, इन कार्यों से संबंधित लोकायुक्त, लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभा, विधान परिषद् के प्रश्नोत्तर संबंधी कार्य | | श्री राम उदित प्रसाद, उच्चवर्गीय लिपिक |

| क्रम सं0 | उच्चवर्गीय लिपिक / निम्नवर्गीय लिपिक एवं कार्यालय कार्यपालक एवं अन्य कर्मी का नाम | मूल प्रभार | अतिरिक्त प्रभार | अनुपस्थिति की स्थिति में कार्य करने वाले कर्मी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 3 | श्री अनिल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | गैर तकनीकी कर्मचारी (तृतीय एवं चतुर्थ) से संबंधित सभी स्थापना (अवकाश स्वीकृति सहित) (पूर्व से बी0आर0जे0पी0 में बाह्य श्रोत, संविदा में कार्यरत कर्मियों की संचिका सहित) एवं इन कार्यों से संबंधित प्रशिक्षण कार्य, स्थापना से संबंधित लोकायुक्त, लोक सभा, विधान सभा, विधान परिषद् के प्रश्नोत्तर से संबंधित कार्य। पदों का सृजन एवं अवधि विस्तार, शिक्षण सेमिनार, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, अभिलेखागार, बुडको के वाहन की मरम्मति से संबंधित संचिका। स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन आदि की तैयारी से संबंधित कार्य। | | श्री रमेश कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक |
| 4 | श्री प्रकाश कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | आगत पत्रों से संबंधित सभी कार्य एवं इससे संबंधित सभी पंजियों का संधारण | | श्री रंजीत कुमार सिंह, उच्चवर्गीय लिपिक |
| 5 | श्री रंजीत कुमार सिंह, उच्चवर्गीय लिपिक | सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता की स्थापना से संबंधित कार्य तथा भंडार। | | श्री सम्राट बोस, कार्यालय कार्यपालक |
| 6 | श्री सम्राट बोस, कार्यालय कार्यपालक | मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता, महाप्रबंधक (प्रशासन), महाप्रबंधक (वित्त) तथा प्रबंधक स्तर के सभी पदाधिकारियों की स्थापना से संबंधित कार्य एवं जन शिकायत कोषांग तथा लोक शिकायत निवारण कोषांग से संबंधित सभी कार्य। | श्री ओम प्रकाश सिंह, अधीक्षण अभियंता के साथ संबद्ध | श्रीमती रीतु रानी, कार्यालय कार्यपालक |
| 7 | श्रीमती स्मिता वंदना, कार्यालय कार्यपालक | ए0डी0बी0 एवं एन0जी0आर0बी0ए0 परियोजनान्तर्गत संविदा पर कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों की स्थापना | | श्रीमती रीतु रानी, कार्यालय कार्यपालक |
| 8 | श्री दीपु कुमार, कार्यालय कार्यपालक | बेल्टॉन के संविदा आधारित कर्मियों की स्थापना। सभी प्रकार का क्रय, मुद्रण के साथ क्रय, हाउसकीपिंग, किराया (Rent), सेमिनार, कार्यालय भवन का मेंटेनेंस आदि, आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र, फोल्डर, डायरी एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था एवं वितरण, आतिथ्य, I.Card बनवाना, बैठक के लिए अल्पाहार आदि से संबंधित कार्य एवं अन्य विविध कार्य। | | श्री प्रदीप कुमार, कार्यालय कार्यपालक |
| 9 | श्री प्रदीप कुमार, कार्यालय कार्यपालक | भाड़े पर outsourcing से वाहन लिये जाने एवं सुरक्षा प्रहरी की प्रतिनियुक्ति outsourcing से किये जाने से संबंधित सभी कार्य एवं Verification of Fixed Assets<br><br>सूचना तकनीकी शाखा के अंतर्गत सूचना तकनीकी से संबंधित सभी कार्य यथा– ईंटरनेट, कम्प्यूटर, फोटो कॉपीयर मशीन, टेलीफोन, फैक्स मशीन संयंत्र संबंधित संचिकाओं का कार्य, लेखन सामग्री, स्टेशनरी समग्रियों का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से। | | श्री दीपु कुमार, कार्यालय कार्यपालक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | श्रीमती विभा कुमारी, कार्यालय कार्यपालक | N.G.O को विज्ञापन, बुडको के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के Asset Declaration से संबंधित सभी कार्य एवं विविध कार्य। | | श्रीमती रीतु रानी, कार्यालय कार्यपालक |
| 11 | सुश्री निशात बानो, कम्प्यूटर ऑपरेटर | निर्गत पत्रों से संबंधित सभी कार्य एवं इससे संबंधित विहित प्रपत्र में पंजी का संधारण | | श्री प्रकाश कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक |

- स्थापना शाखा एवं कार्य शाखा से संबंधित सभी संचिकायें प्रशाखा पदाधिकारी के माध्यम से संचालित होंगी। स्थापना शाखा की संचिका महाप्रबंधक (प्रशासन) के माध्यम से तथा कार्य शाखा से संबंधित संचिका मुख्य अभियंता के माध्यम से प्रस्तुत किया जायेगा।
- इस संबंध में पूर्व में निर्गत आदेश इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।
- यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।
- महाप्रबंधक (प्रशासन) द्वारा बुडको के कार्यहित में उपरोक्त कर्मियों से आवश्यकतानुसार उन्हें आवंटित कार्यो के अतिरिक्त कार्य भी लिया जा सकता है।
- उपर्युक्त प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक की स्वीकृति संबंधित संचिका में प्राप्त है।

ह0/–
महाप्रबंधक (प्रशासन),
बुडको

ज्ञापांक 3522/ दिनांक 26.07.19/

प्रतिलिपिः– सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Sd/ 26/7/19.
महाप्रबंधक (प्रशासन),
बुडको